**बहानेबाजी** | बोले कर्मचारी– ओटीपी नहीं कर पाएंगे, नकद दो तभी देंगे डीजल

# पेट्रोल पंप पर 'डिजिटल' बहानेबाजी और कमीशन का खेल

**नवभारत,जयसिंहनगर।** क्या मध्य प्रदेश के आदिवासी अंचल में स्वास्थ्य सेवाएं और मानवीय संवेदनाएं अब पेट्रोल पंप पर कर्मचारी ओटीपी करने को तैयार नहीं और 'कैश' की गुलाम हो गाए हैं? शहडोल जिले के जयसिंहनगर में एक ऐसी घटना घटी है, जिसने न केवल प्रशासन के दावों की धज्जियां उड़ा दी हैं, बल्कि समाज को सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या हम एक सभ्य समाज में रह रहे हैं?

### मौत से जंग लड़ती महिला और 'पत्थर' बने कर्मचारी

मामला तब शुरू हुआ जब ग्राम पेढरा से चेकब के लिए एक गर्भवती महिला की जान बचाने के लिए उसे जिला अस्पताल शहडोल ले जाया ज रहा था एंबुलेंस क्रमांक सीजी 04 एनटी 1841 चालक शैलेश शर्मा ने महिला को लेकर जिला अस्पताल की ओर रवाना हुए थे लेकिन गाड़ी में ईंधन की कमी के कारण वह स्थानीय भारत पैट्रोलियम पेट्रोल पंप खुशरवाह जयसिंहनगर




पर रुके थे यहाँ जो हुआ, वह कि आपराध से कम नहीं है।

### संवेदनहीनता की पराकाष्ठा

एंबुलेंस में महिला पीड़ा से चीख रही थी, लेकिन पंप कर्मचारी ओटीपी करने को तैयार नहीं थे। अवैध वसूली की कर्मचारियों ने खुलेआम कहा कि डीजल चाहिए तो नकद पैसा दो, वरना नहीं मिलेगा। सरकारी कार्ड और ऑनलाइन प्रक्रिया के बजाय नकद की मांग ने पंप प्रबंधन की नीयत पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक घंटा भारी पड़ा: पूरे एक घंटे तक एंबुलेंस खड़ी रही। पायलट मिन्नतें करता रहा, परिजन रोते रहे, लेकिन कर्मचारियों का दिल नहीं पसीजा।

### प्रशासन से सीधे सवाल

1.ग्रीन कॉरिडोर का क्या हुआ?: क्या एक रेफरल एंबुलेंस को भी पेट्रोल पंपों पर नकद या तकनीकी कारणों से एक घंटे तक रोकना कानूनी अपराध नहीं है?

2.लाइसेंस रद्द क्यों न हो?: जिस पंप पर जीवन रक्षकवाहनों को प्राथमिकता नहीं दी जाती, उसे संचालित करने का अधिकार किसने दिया ?

3.भ्रष्टाचार की जांच: सरकारी एंबुलेंस के डीजल कार्ड होनेके बावजूद नकद पैसों की मांग करना क्या किसी बड़े भ्रष्टाचार का हिस्सा है?

### अब कार्रवाई का इंतजार

यह खबर केवल एक सूचना नहीं, बल्कि प्रशासन के लिए एक 'वेक-अप कॉल' है। अगर एक गर्भवती महिला की जान को खतरे में डालने वाले इन कर्मचारियों और पंप मालिक पर कठोरतम कार्रवाई नहीं होती, तो भविष्य में कोई भी एंबुलेंस सुरक्षित नहीं होगी।

### पायलट का 'स्टिंग ऑपरेशन' वीडियो ने खोली पोल

जब पानी सिर के ऊपर से गुजर गया, तो एंबुलेंस पायलट ने मोबाइल निकालकर इस पूरी बेशर्मी को कैमरे में कैद कर लिया। वीडियो में कर्मचारियों की दबंगई और सरकारी नियमों का मजाक उड़ाते हुए साफ देखा जा सकता है। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर आग की 'ल रहा है और सीधे शहडोल कलेक्टर और एस. चुनौती दे रहा है।

### इनका कहना है

हमने एक घंटा तक पेट्रोल पंप के कर्मचारियों से बोला कि डीजल दे दीजिए तो भी डीजल नहीं मिला हम गर्भवती महिला को ग्राम पेढरा से शहडोल ले जा रहे थे कर्मचारियों ने ओटीपी करने को तैयार नहीं थे बोले नगद लेना पड़ेगा डीजल ।

**शैलेश शर्मा**
**वर्तमान पायलट**

हां बात सही है डीजल नहीं मिला है काफी लाइन में लगे थे उस समय ड्यूटी पर शर्मा जी थे मैं वहीं पर था मैं भी बोला कर्मचारियों से लेकिन डीजल नहीं मिला मेरी ड्यूटी हो हुई थी।

**अशोक यादव**
**पायलट**



# ब्यौहारी में निकली रैली, अंबेडकर जयंती पर गूंजे जय भीम के नारे

▶ पपरेड़ी में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम, हजारों लोगों की रही सहभागिता

**नवभारत,ब्यौहारी ।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135 वीं पखवाड़ा जयंती के अवसर पर ब्यौहारी क्षेत्र में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरदार वल्लभभाई पटेल चौक से निकली विशाल शोभा यात्रा के साथ हुई, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पपरेड़ी पहुंची।रैली में बड़ी संख्या में समाज के लोगों, युवाओं एवं क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे नगर में जय भीम के नारों के साथ सामाजिक एकता और संविधान जागरूकता का संदेश दिया गया। पपरेड़ी में आयोजित मंचीय एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम दोपहर 3:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक चला। इस दौरान वक्ताओं ने बाबा साहब के विचारों, शिक्षा के महत्व एवं सामाजिक अधिकारों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडवोकेट हरि कुमार मांझी रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में राजेश कुशवाहा (जिला संयोजक), राजकुमार साहू (प्रदेश महासचिव), एड. अजय कुमार भारती, लाल बहादुर सिंह, आर.पी. बौद्ध, विमल कुमार साकेत, विकेश प्रजापति, एडवोकेट पुष्पेंद्र सिंह पटेल (जिला पंचायत सदस्य), राजेश बौद्ध, राजेश पटेल, रामजाने साहू, चन्द्रशेखर साकेत (जिला अध्यक्ष, भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन), सोनू साकेत, श्याम साकेत, पुष्पेंद्र साकेत, फूलचंद्र साकेत, राजेश कुमार साकेत एवं सुजीत साकेत की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन सम्राट सनित बौद्ध द्वारा किया गया। आयोजन के मुख्य आयोजक एडवोकेट राजेंद्र प्रसाद साकेत बृजकिशोर पटेल रहे, जिनके नेतृत्व में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन में भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं समस्त क्षेत्रवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया।

# कांग्रेस की नई टीम, अनुभवी चेहरों को मिली कमान

**नवभारत,बुढार।** जिला कांग्रेस कमेटी ने अपनी नई कार्यकारिणी की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इस नई टीम के गठन में कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से पुराने अनुभवी और सक्रिय चेहरों पर भरोसा जताया गया है।

### नई टीम का मुख्य उद्देश्य

प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी निर्देशन में नवागत कार्यकारिणी का मुख्य लक्ष्य जिले में कांग्रेस संगठन को धार देना, जनसमस्याओं को प्रखरता से उठाना और पार्टी की विचारधारा व नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है।

### महत्वपूर्ण नियुक्तियां

जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने कार्यकारिणी की घोषणा करते



हुए निम्नलिखित पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं। हनुमान खंडेलवाल: जिला कोषाध्यक्ष,सुजीत सिंह चंदेल: जिला उपाध्यक्ष, राजेश चमड़िया जिला महामंत्री के पद पर मनोनित किया है। राजेश चमड़ियां जिला महामंत्री 'विगत 10 वर्षों से कांग्रेस मंडलम के दायित्व को मैंने पूरी ईमानदारी से निभाया है। अब जिला टीम में कार्य करने का जो अवसर मिला है, उसे मैं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पूरा करूंगा।' पार्टी को उम्मीद है कि अनुभवी नेताओं के इस तालमेल से आगामी समय में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और विपक्षी दल के रूप में कांग्रेस जिले में मजबूती से उभरकर सामने आएगी।

### पदाधिकारियों ने जताया संकल्प

सुजीत सिंह चंदेल नवागत जिला उपाध्यक्ष ?'मैदानी स्तर पर कार्य करने के पुराने अनुभव के साथ अब मुझे जिले का बड़ा दायित्व मिला है। मैं पूरी निष्ठा के साथ इस जिम्मेदारी का निर्वहन करुंगा और पार्टी की नीतियों को हर घर तक पहुंचाने का कार्य करुंगा।

# ग्राम पंचायत नवाटोला में भ्रष्टाचार की पुलिया

▶ बिना कैप बीम के खड़ा किया मौत का ढांचा

**नवभारत, गोहपारू ।** जनपद पंचायत गोहपारू के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नवा टोला से भ्रष्टाचार की एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जो तकनीकी समझ रखने वालों के होश उड़ा देगी। यहाँ हरिजन बस्ती में अनू के घर के पास बनाई गई पुलिया विकास का कम और 'विनाश' का प्रतीक अधिक नजर आ रही है। लाखों की लागत से बन रही इस पुलिया में इंजीनियरों ने कैप बीम का प्रावधान ही खत्म कर दिया है, जो किसी बड़े हादसे को न्योता दे रहा है।



### इंजीनियरिंग के सिद्धांतों की हत्या

पुलिया निर्माण में कैप बीम वह महत्वपूर्ण हिस्सा होता है जो खंभों को आपस में जोड़ता है और ऊपर से आने वाले भारी वजन को बराबर बांटता है। नवा टोला की इस पुलिया में बिना कैप बीम के निर्माण करा दिया गया है। बिना बीम के पुलिया का ऊपरी हिस्सा कभी भी बीच से टूट सकता है।बीम न डालकर सरिया और सीमेंट की भारी बचत की गई है, जो सीधे तौर पर भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहा है।हरिजन बस्ती में आक्रोश: गरीबों की जान की कीमत कुछ नहीं? अनू के घर के पास रहने वाले ग्रामीणों ने इस घटिया निर्माण का कड़ा विरोध किया है। बस्ती के लोगों का कहना है कि प्रशासन यह सोचकर चुप है कि यहाँ कोई देखने वाला नहीं है। घटिया निर्माण सामग्री और तकनीकी खामियों के कारण यह पुलिया पहली ही तेज बारिश में भरभरा कर गिर सकती है।

### चेतावनी : जांच नहीं तो आंदोलन

नवा टोला के ग्रामीणों ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि जिला प्रशासन और जनपद पंचायत के आला अधिकारियों ने मौके पर आकर जांच नहीं की और इस त्रुटि को नहीं सुधारा, तो वे कलेक्ट्रेट का घेराव करेंगे। क्षेत्र में इस अधूरे और असुरक्षित निर्माण को लेकर भारी तनाव व्याप्त है। सरकार पैसा भेजती है कि गाँव का भला हो, लेकिन यहाँ के ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारी मिलकर सरकारी खजाने को चूना लगा रहे हैं। बिना कैप बीम के पुलिया बनाना जनता के साथ धोखा है।

**स्थानीय निवासी**

### सवालों के घेरे में जिम्मेदार अधिकारी

सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि जब यह निर्माण चल रहा था, तब जनपद पंचायत के उपयंत्री (नइ म्दहपदममत) कहाँ थे। क्या उनकी मर्जी से ही मानकों को ताक पर रखा गया।

1. क्या इस निर्माण का नक्शा और स्टीमेट बिना कैप बीम के पास हुआ था।
2. अगर स्टीमेट में बीम थी, तो उसे मौके से क्यों गायब किया गया।
3. जनता की जान को जोखिम में डालने वाले दोषियों पर थ्् कब होगी।

# विमला ग्लोबल स्कूल ने 100 प्रतिशत रिजल्ट की बनाई हैट्रिक



**नवभारत,ब्यौहारी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं परीक्षा में विमला ग्लोबल स्कूल, ब्यौहारी ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय का परिणाम इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा, जो लगातार तीसरे वर्ष की उल्लेखनीय उपलब्धि है।

विद्यालय से परीक्षा में सम्मिलित कुल 39 विद्यार्थियों में से 31 छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी तथा 8 ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की ।जिसमें छात्रा प्रमिला सिंह 94 प्रतिशत के साथ अव्वल रहीं। शानदार परिणाम ने न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।ज्ञात हो कि शहडोल संभाग में विमला ग्लोबल स्कूल एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान के रूप में अपनी पहचान बना चुका है, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासन के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहा है।विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन वीरेश सिंह, डायरेक्टर गुंजन सिंह, सेक्रेटरी प्रभात सिंह, मैनेजर आलोक श्रीवास्तव तथा प्राचार्य नेहा त्रिपाठी सहित समस्त स्टाफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### ब्यौहारी की बेटी अपेक्षा गुप्ता ने बढ़ाया मान

जिले के ब्यौहारी से एक गौरवपूर्ण खबर सामने आई है। नगर परिषद अध्यक्ष राजन गुप्ता की पुत्री अपेक्षा गुप्ता ने मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की टॉप-10 सूची में स्थान हासिल किया है। अपेक्षा ने 500 में से 490 अंक (98 प्रतिशत) प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे शहडोल जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। यह सफलता केवल अंकों तक सीमित नहीं है, बल्कि मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। अपेक्षा ने निरंतर प्रयास और स्पष्ट लक्ष्य के साथ यह सिद्ध किया कि सच्ची लगन से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।पिता राजन गुप्ता ने भावुक होकर बताया कि उनकी बेटी बचपन से ही पढ़ाई के प्रति समर्पित रही है। उसकी मेहनत और सीखने की जिज्ञासा ने ही उसे इस मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सिर्फ एक पड़ाव है, आगे उसकी यात्रा और भी बड़ी होगी। परिवारजनों ने इस सफलता का श्रेय अपेक्षा की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग को दिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि बेटियों को सही अवसर और प्रोत्साहन मिले, तो वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। अपेक्षा गुप्ता की यह उपलब्धि क्षेत्र के अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा बन गई है। समस्त क्षेत्रवासियों ने इस होनहार बेटी को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी हैं।

# धनपुरी में बेटियों की ऐतिहासिक उड़ान

▶ पीएम श्री कन्या विद्यालय ने रचा सफलता का स्वर्णिम इतिहास



**नवभारत धनपुरी ।** सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं में पी.एम. श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, धनपुरी ने जो अभूतपूर्व और गौरवशाली परिणाम दिए हैं, उन्होंने पूरे क्षेत्र में शिक्षा की एक नई पहचान स्थापित कर दी है। यह सफलता सिर्फ अंकों की नहीं, बल्कि बेटियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और विद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण की जीवंत मिसाल बनकर सामने आई है।

कक्षा 12वीं के कला संकाय में सभी 36 छात्राओं का शत-प्रतिशत परिणाम अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इस उपलब्धि में मुस्कान विश्वकर्मा (78%) ने प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया, वहीं सकीना (76.6%), अनामिका लोधी (75.4%) और रिया मलिक (75.2%) सहित प्रत्येक छात्रा ने सफलता अर्जित कर यह सिद्ध कर दिया कि यहां हर बेटी में प्रतिभा और आत्मविश्वास कूट-कूट कर भरा है। 25 छात्राओं का प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होना विद्यालय की उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा का प्रमाण है। विज्ञान संकाय में भी विद्यालय ने 96.77% परिणाम के साथ अपनी उत्कृष्टता बरकरार रखी, जहां 31 में से 30 छात्राएं सफल रहीं और 24 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी हासिल की। वहीं कक्षा 10वीं में कु. जासमीन बी (85.4%) ने शीर्ष स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कुल 67 में से 59 छात्राओं का उत्तीर्ण होना और 44 का प्रथम श्रेणी में आना यह दर्शाता है कि यहां हर स्तर पर शिक्षा की मजबूत नींव तैयार की जा रही है। इस अभूतपूर्व सफलता के पीछे विद्यालय की प्राचार्य अनुपमा प्रकाश का दूरदर्शी नेतृत्व और समस्त शिक्षक-स्टाफ की अथक मेहनत, समर्पण और जिम्मेदारी सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरी है। शिक्षकों ने न केवल पाठ्यक्रम पूरा कराया, बल्कि हर छात्रा पर व्यक्तिगत ध्यान देते हुए उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। नियमित अतिरिक्त कक्षाएं, सतत मूल्यांकन, अभिभावकों से निरंतर संवाद और छात्राओं के मनोबल को ऊंचा बनाए रखने की उनकी प्रतिबद्धता काबिले-तारीफ रही।

पी.एम. श्री योजना के तहत विद्यालय में उपलब्ध आधुनिक संसाधन, स्मार्ट कक्षाएं, अनुशासित और सकारात्मक वातावरण ने छात्राओं को बेहतर सीखने का अवसर प्रदान किया, जिससे यह सफलता और अधिक सशक्त बनी। यह विद्यालय आज न केवल शिक्षा का केंद्र बन गया है, बल्कि बेटियों के सपनों को पंख देने वाला एक प्रेरणास्थल भी बन चुका है। विद्यालय की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरे धनपुरी क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों और समाज के गणमान्य नागरिकों ने विद्यालय परिवार, शिक्षकों और सभी छात्राओं की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि जब विद्यालय में समर्पित शिक्षक, सशक्त नेतृत्व और मेहनती छात्राएं एक साथ मिलते हैं, तो परिणाम केवल अच्छे नहीं, बल्कि इतिहास रचने वाले होते हैं। पी.एम. श्री कन्या विद्यालय, धनपुरी ने सचमुच यह साबित कर दिया है कि बेटियां आज हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।


भारत की जनगणना 2027 CENSUS OF INDIA जनगणना से जन कल्याण

गृह मंत्रालय भारत सरकार सत्यमेव जयते

## हमारी जनगणना हमारा विकास

(जनगणना 2027 का पहला चरण)
स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-1)

### स्व-गणना क्या है?

स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं



- क्या स्व-गणना अनिवार्य है?
  नहीं, यह अतिरिक्त सुविधा है, यदि आप स्व-गणना नहीं करते तो प्रगणक आपके घर आकर जानकारी दर्ज करेगा
- क्या मैं किसी भी भाषा में स्व-गणना कर सकता / सकती हूँ?
  यह सुविधा हिंदी, अंग्रेजी और 14 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है
- क्या स्व-गणना के लिए इंटरनेट जरूरी है?
  हाँ, पोर्टल तक पहुँचने और जानकारी भरने के लिए इंटरनेट आवश्यक है
- क्या मेरी जानकारी सुरक्षित है?
  हाँ, सभी डेटा सुरक्षित, एन्क्रिप्टेड और सरकारी सर्वरों में संरक्षित है
- SE ID क्या है और इसका उपयोग क्या है?
  सबमिशन के बाद आपको एक विशिष्ट 11 अंकों की SE ID मिलेगी (SMS / email से), जिसे प्रगणक के आने पर उन्हें दिखाना आवश्यक होगा
- यदि SE ID भूल जाएँ तो क्या करें?
  पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से SE ID पुनः प्राप्त की जा सकती है
- क्या स्व-गणना के बाद भी प्रगणक आएगा?
  हाँ, प्रगणक आपके घर आएगा और SE ID के आधार पर जानकारी की पुष्टि करेगा
- क्या मुझे कोई दस्तावेज़ अपलोड करने की आवश्यकता है?
  नहीं, किसी भी दस्तावेज़ को अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है
- क्या पोर्टल पर सहायता उपलब्ध है?
  हाँ, पोर्टल पर, यूज़र गाइड, फ्लोचार्ट, ट्यूटोरियल वीडियो, FAQs और टूलटिप्स के रूप में सहायता उपलब्ध है

टोल फ्री - 1855

CBC 19108/13/0023/2627

चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी CensusIndia2027